# नोट शीट

## मुख्य विकास अधिकारी

महोदय,

दिनांक 21-10-2024 को जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइपलाइन बिछाने से संबंधित भूमि /मार्ग विवाद, कार्यस्थल पर पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद एवं वृक्ष पातन संबंधित प्रकरण की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय, प्रभागीय वनाधिकारी, संतकबीरनगर, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण), सहायक अभियन्ता सभी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक/प्रतिनिधि तथा डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन फेज-5 में भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया अनुमोदित करना चाहें।

28/10/24

अधिशासी अभियंता
उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण),
संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

4416 – 1418 / m-11 / 20 दि० 12/11/2024

**दिनांक 21-10-2024 को जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइपलाइन बिछाने से संबंधित भूमि /मार्ग विवाद, कार्यस्थल पर पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद एवं वृक्ष पातन संबंधित प्रकरण की मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 21-10-2024 को जल जीवन मिशन फेज-5 से संबंधित विभिन्न पेयजल योजनाओं पर जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइपलाइन बिछाने से संबंधित भूमि /मार्ग विवाद, कार्यस्थल पर पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद एवं वृक्ष पातन संबंधित प्रकरण की समीक्षा बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. प्रभागीय वनाधिकारी, संतकबीरनगर।
2. श्री संजय जायसवाल,अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. श्री अभिषेक पाण्डेय, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. श्री हरि प्रसाद शर्मा, **AGM**, मेघा इंजी0 एण्ड इन्फ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
5. श्री अभिषेक सिंह, **DPM,** जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
6. श्री वृजेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0, संतकबीरनगर।
7. श्री हिमांशु सिंह, जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
8. श्री विकास शुक्ल, जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर पाइपलाइन बिछाने से संबंधित भूमि /मार्ग विवाद, कार्यस्थल पर पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद एवं वृक्ष पातन सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर तथा फर्म मेसर्स जैक्शन विश्वराज(जे0वी0) द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से प्रेषित प्रकरणों की विस्तृति जांच संबंधित खण्ड विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी से कराकर आख्या प्राप्त की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**जल निगम विभाग द्वारा निर्माण कराये जा रहे ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लोगों के अवरोध के संबंध में**

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | खलीलाबाद | धमैचा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 150 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | प्रमुख जी द्वारा बताया गया कि फसल कटने पर पैमाइश कराकर सड़क निर्माण करा दिया जायेगा है। |
| 2 | खलीलाबाद | शिवापार | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | पिच रोड से टंकी तक लगभग 70 मी० निजी भूमि है राजस्व विभाग की तरफ से समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | खलीलाबाद | रानीपार शिवसरा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 50 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | समस्या का समाधान हो गया है सड़क निर्माण करवा दिया जायेगा। |
| 4 | खलीलाबाद | सियरा सांथा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 100 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | पानी की टंकी की बोरिंग के चारो तरफ कब्जा है कब्जा हटने के बाद ही पानी की टंकी तक कोई भी निर्माण कार्य कराया जाना सम्भव हैं। |
| 5 | खलीलाबाद | करौंखास | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 150 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | प्रश्नगत सड़क बाग मालिकान की भूमि है भूमि मालिकान सड़क निर्माण नही होने दे रहे हैं। |
| 6 | खलीलाबाद | अशरफाबाद | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 100 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | ग्राम पंचायत अशरफाबाद में पानी की टंकी हेतु रिबोर के स्थान तक मेन सड़क से जो लगभग 70 मी० था इण्टरलाकिंग कार्य करा दिया गया है। |
| 7 | खलीलाबाद | सौरैनी | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 70 मी० सड़क निर्माण की आवश्यकता है। | ग्रा०प० सौरैनी में पानी की टकी हेतु रिबोर के स्थान तक मेन रोड से जो लगभग 70 मी० था उस पर मिट्टी नया रास्ता करवा दिया गया है। |
| 8 | खलीलाबाद | दुपरा | ग्रामवासियों द्वारा पाइप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सड़क उसकी निजी सम्पत्ति में से होकर जाती है। | उक्त समस्या का समाधान करा लिया गया है ग्रामवासी तैयार हो गये हैं। |
| 9 | खलीलाबाद | सियरा सांथा | प्रधान जी द्वारा काम में हस्ताक्षेप कर पाइप बिछाने का कार्य रोकवा दिया गया है। | संस्था द्वारा पूर्व में ग्राम पंचायत में पाइप लाइन बिछाते समय जो तोड़ फोड़ की गयी है उसका मरम्मत नही कराया गया है। मरम्मत शुरू हो जाने के बाद ही आगे कार्य किया जाय। |
| 10 | खलीलाबाद | गणसरपार | ग्रामवासियों द्वारा पाइप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सड़क उसकी निजी सम्पत्ति में से होकर जाती है। | ग्राम पंचायत गणसरपार में जिस रास्ते पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है वह रास्ता नही है बल्कि ग्रा०पं० के श्री वीरेन्द्र कुमार एवं श्री जवाहिर लाल पुत्र बालकिशुन आदि का बाग मालिकान दर्ज है दूसरे तरफ से पाइप बिछाने का कार्य किया जा सकता है। |
| 11 | खलीलाबाद | भुजैनी | प्रधान जी द्वारा काम में हस्ताक्षेप कर पाइप बिछाने का कार्य रोकवा दिया गया है। | प्रधान द्वारा बताया गया कि पाइप लाइन बिछाने में जो सड़क तोड़ रहे है इसका निर्माण कार्य साथ में करते रहें। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | खलीलाबाद | सहसराव्रमाफी | ग्रामवासियों द्वारा यह कहकर काम रूकवा दिया है कि सरकार पहले यहां नाली बनाये फिर उसके बाद पाइप बिछाए। | अनु०सु० बस्ती के लोगो द्वारा अन्य लोगो के व्यक्तिगत भूमि मे नाली निर्माण हेतु माग की जा रही है और अन्य लोगो द्वारा अपने भूमि पर से नाली निर्माण हेतु सहमति / अनुमति व्यक्त नहीं की जा रही है पुलिस व राजस्व विभाग के सहयोग से पाइप बिछाने का कार्य किया जा सकता है। |
| 13 | खलीलाबाद | टुंगपार | ग्राम पंचायत भरोहिया से पानी टुंगपार ले जाना है टुंगपार प्रधान एवं ग्रामवासियों को अलग से टंकी चाहिए। | ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासी सहमति है पाइप लाइन बिछाया जा सकता है। |
| 14 | खलीलाबाद | भरोहिया | ग्रामवासियों द्वारा पाइप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सड़क उसकी निजी सम्पति में से होकर जाती है। | प्रश्नगत सड़क बाग मालिकान में बनी है। पी०डब्लू०डी० रोड पर पाइप लाइन बिछाई जा सकती है। |
| 15 | नाथनगर | घवरेपार | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 150 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | घवरेपार बढ़या में टंकी तक पहुँचने हेतु मार्ग निर्माण में कुछ व्यक्तिगत काश्तकारी की जमीन आ रही है। जिस हेतु काश्तकारी से बात किया जा रहा है। शीघ्र ही चकरोड का निर्माण करा दिया जायेगा। |
| 16 | नाथनगर | नगुआ | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 70 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | फसल कटने के बाद 70 मीटर चकमार्ग का निर्माण करा दिया जायेगा। |
| 17 | नाथनगर | सुकरौली | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 500 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | वर्तमान में 2.50 मीटर चौड़ाई में चकरोड उपलब्ध है। फसल कटने के बाद 03 मीटर चौड़ाई में चकरोड भरवा दिया जायेगा। |
| 18 | नाथनगर | मझौआ | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 200 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | फसल कटने के बाद 200 मीटर चकमार्ग का निर्माण करा दिया जायेगा। |
| 19 | नाथनगर | तिनहरी | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 250 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | 115 मीटर x 2.50 मी0 माप में चकमार्ग उपलब्ध है। फसल कटने के बाद चकमार्ग उपलब्ध करा दिया जायेगा। |
| 20 | नाथनगर | शनिचरा पूर्वी | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 200 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | 65 मीटर की लम्बाई में मार्ग में गड्ढा है। जिसमें पानी भरा है। पानी के सूखने के बाद मार्ग बनवा दिया जायेगा। |
| 21 | नाथनगर | कड़सर | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 80 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | वर्तमान में मार्ग में कुछ गढ्ढा है। फसल कटने के बाद मार्ग पर चकमार्ग बनवा दिया जायेगा। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | नाथनगर | सइहरा | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 80 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | चकमार्ग उपलब्ध है। फसल कटने के बाद मार्ग उच्चीकरण करा दिया जायेगा। |
| 23 | नाथनगर | हरदी | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 130 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | 130 मीटर x 3 मी0 माप में रास्ता उपलब्ध है। खण्डन्जा का प्राक्कलन बना है। |
| 24 | नाथनगर | बारीडीहा | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 130 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | 131 मीटर x 4 मी0 माप में रास्ता उपलब्ध है। |
| 25 | नाथनगर | भीटीमाफी | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 400 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | दो तरफ से रास्ता है। |
| 26 | नाथनगर | भिनखिनी खुर्द | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 300 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | कच्चा रास्ता उपलब्ध है। |
| 27 | नाथनगर | अछती | मेन सड़क से टंकी तक पहुँचने हेतु 170 मीटर सड़क निर्माण की आश्यकता है। | व्यक्तिगत काश्तकारी होने के कारण मार्ग के बीच में विवाद है। बातचीत से सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। |
| 28 | नाथनगर | तिनहरी | नाथनगर प्रमुख जी द्वारा गांव के अन्दर पाईप बिछाने में यह कह कर काम रुकवा दिया की उन्हें गांव में पानी नही चाहिए। | तिनहरी के जसोवर बापू में पी०डब्लू०डी० सडक से होकर पाइप लाईन जानी है। खुदाई के उपरान्त उसका पुनर्निमाण। होगा इस कारण पूर्व ब्लाक प्रमुख के द्वारा इस कार्य को रोका गया है। |
| 29 | नाथनगर | गोनौरा | प्रधान द्वारा काम में हस्तक्षेप कर पाइप बिछाने का कार्य बार-बार रोक दिया जा रहा है। | ग्राम पंचायत में पाइप लाईन डाली जा चुकी है। |
| 30 | नाथनगर | मझौवा | प्रधान एवं ग्रामवासियों द्वारा गांव के अन्दर पाइप बिछाने से यह कह कर काम रुकवा दिया की उन्हें गांव में पानी नहीं चाहिए। | मझौवा में पाइपलाईन से केवल पाँच घर आच्छादित होने से अवशेष है जहां पाइप लाईन डालने हेतु ग्राम प्रधान द्वारा जम्मा रास्ता बताया गया है परन्तु ठेकेदार द्वारा इण्टरलाकिंग खोद कर पाइप लाईन डालने का प्रयास किया जा रहा है जबकि पूरे ग्राम पंचायत में ठेकेदार के द्वारा रास्ता खोद कर छोड़ दिया गया है जिसके कारण विरोध हो रहा है। |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | नाथनगर | शनिचरा पूर्वी | ग्राम पंचायत मोलनापुर के प्रधान जी द्वारा यह कह कर पाइप बिछवाने पन कार्य का दिया है की ग्राम पंचायत शनिचरापूर्वी का पाइप उनके गांव के सड़क से नाते हुए नहीं जाएगा। इसके अलापा और कोई मार्ग उपलब्ध नही है जिससे पाइप को ले जाया जा सके। | शनिचरापूर्वी में स्थल होने के बावजूद दूसरे ग्राम पंचायत मोलनापुर से पाइप ले जाने का प्रयास किया जा रहा है जिसने वहाँ बनी हुई भूनिगत नाल्यी क्षतिग्रस्त हो रही है इस कारण उसका विरोध हो रहा है जबकि पूरे ग्राम पंचायत में पाइप डाली जा चुकी है। |
| 32 | नाथनगर | गोरखाघाट और गौरा | दोनों ही ग्राम पंचायतों के ग्रामवसियों द्वारा गांव के अन्दर पाइप बिछाने से यह कह कर काम रुकवा दिया की उन्हें गांव में पानी नहीं चाहिए। | रास्ता खोद कर छोड़ देने के कारण ग्राम पंचायत विरोध कर रही है। |
| 33 | नाथनगर | सुकरौली पदुम्पट्टी | ग्रामवासियों द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सडक उसकी निजी सम्पत्ति में से होकर जाती है। | पाइपलाईन बिछाने के रास्ते में श्री लालचन्द्र के नाम से व्यक्तिगत काश्तकारी है जिस पर उन्होंने मा० न्यायालय से स्टे प्राप्त किया है। |
| 34 | हैंसर बाजार | करमा | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 30 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 35 मी० सडक बननी है। जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| 35 | हैंसर बाजार | सुरैना | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 100 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 95 मी० सडक बननी है जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| 36 | हैंसर बाजार | बकैनिया पकडी | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 30 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 30 मी० सडक बननी है जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| 37 | हैंसर बाजार | कनैला | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 30 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर12 मी० सडक बननी है जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| 38 | हैंसर बाजार | बरॉव | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 600 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 300 मी० सडक बननी है। किसी तरफ से चकरोड नही है। |
| 39 | हैंसर बाजार | रजनौली संठी | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 40 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 40 मी० सडक बननी है जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| 40 | हैंसर बाजार | मौर | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 25 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 28 मी० सडक बननी है जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 41 | हैंसर बाजार | बारीडीहा | मेन सडक से टंकी तक पहुंचने हेतु 35 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर 40 मी० सडक बननी है जो फसल कटने के बाद पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| 42 | हैंसर बाजार | बैकुण्ठपुर | ग्रामवासियों द्वारा गाँव के अन्दर पाईप बिछाने से यह कह कर मना कर दिया गया कि उन्हें गाँव में पानी नहीं चाहिए। | ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि इस समय पाईप लाईन बिछाया जा रहा है जिसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।' |
| 43 | हैंसर बाजार | बराव | ग्रामवासियों द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सडक उनकी निजी जमीन से होकर जाती है। | ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधान द्वारा बताया गया कि पाईप लाईन बिछाये जाने में ग्रामवासियों द्वारा कोई आपति नही किया जा रहा है। |
| 44 | हैंसर बाजार | भरवल पर्वता | ग्रामवासियों द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सडक उनकी निजी जमीन से होकर जाती है। | ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधान द्वारा बताया गया कि पाईप लाईन बिछाये जाने में ग्रामवासियों द्वारा कोई आपत्ति नहीं किया जा रहा है। |
| 45 | हैंसर बाजार | मदरा | नहर विभाग द्वारा पाईप बिछाने की अनुमति की आवश्यकता है। | ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि पाईप लाईन बिछाने के लिए नहर विभाग से अनुमति लेने की आवश्यकता है। |
| 46 | हैंसर बाजार | बलमा | ग्राम वासियों द्वारा ग्राम के अन्दर पाईप बिछाने में यह कहकर काम रूकवा दिया कि उन्हें गाँव में पानी नहीं चाहिए। | ग्राम प्रधान द्वारा बाया गया कि पानी की टंकी उनके गाँव से 10 कि०मी० की दूरी पर ग्रामवासियों को अपने ही ग्राम मे पानी की टंकी की आवश्यकता हैं |
| 47 | हैंसर बाजार | पतिजीव | ग्रामवासी द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सडक उनकी निजी सम्पत्ति में से होकर जाती है। | ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधान द्वारा बताया गया कि पाईप लाईन बिछाये जाने में ग्रामवासियों द्वारा कोई आपत्ति नहीं किया जा रहा है। |
| 48 | हैंसर बाजार | रजनौली | रजनौली राजस्व ग्रामवासियों द्वारा भांव के अन्दर पाईप बिछाने मे यह कह कर • काम रूकवा दिया है कि उन्हें अपने राजस्व ग्राम मे अलग से पानी की टंगी चाहिए। | ग्राम प्रधान द्वार बताया गया कि उनके ग्राम पंचायत में पानी की टंकी की आवश्यकता है किन्हीं अन्य गाँव से पानी लेने से इच्छुक नहीं हैं। |
| 49 | हैंसर बाजार | बारीडीहा | ग्रामवासी द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सडक उनकी निजी सम्पत्ति मे से होकर जाती है। | ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि बताया गया कि इस समय पाईप लाईन बिछाया जा रहा है जिसमे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।. |
| 50 | हैंसर बाजार | बैजनाथपुर | ग्रामवासियों द्वारा गाँव के अन्दर पाईप बिछाने में यह कह कर काम रूकवा दिया कि उन्हें गाँव मे पारी नहीं चाहिए। | ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि बताया गया कि इस समय पाईप लाईन बिछाया जा रहा है जिसमे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।. |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 51 | हैसर बाजार | जगदीशपुर | नहर विभाग द्वारा पाईप बिछाने की अनुमति की आवश्यकता है। | ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि पाईप लाईन बिछाने के लिए नहर विभाग से अनुमति लेने की आवश्यकता है। |
| 52 | हैसर बाजार | बारीडीहा | ग्रामवासी द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कह कर रूकवा दिया है कि यह सड़क उनकी निजी सम्पत्ति मे से होकर जाती है। | ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि बताया गया कि इस समय पाईप लाईन बिछाया जा रहा है जिसमे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। |
| 53 | पौली | बछईपुर | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 350 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मेन रोड से टंकी तक पगडण्डी है। |
| 54 | पौली | किशुनपुर | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 100 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड बनी है। |
| 55 | पौली | मुड़ाीकला | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 500 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | खण्डन्जा लगा है। |
| 56 | पौली | चकिया | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 700 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड से टंकी तक कच्चा मार्ग है। |
| 57 | पौली | लौकिहा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड बनी है। |
| 58 | पौली | निहैला | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 500 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मेन रोड से टंकी तक पगडण्डी है। |
| 59 | पौली | उवहा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 500 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | सड़क बनी है। |
| 60 | पौली | बरगदवा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | सड़क बनी है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 61 | पौली | दूल्हापार कला | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड तक कच्चा मार्ग है। |
| 62 | पौली | मूड़ाडीहा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड से इण्टर लाकिंग लगा है। |
| 63 | पौली | नकहा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड से टंकी तक कच्चा मार्ग है। |
| 64 | पौली | पचरा | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 200 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड से टंकी तक कच्चा मार्ग है। |
| 65 | पौली | मकदूमपुर | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 200 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | पिच रोड है। |
| 66 | पौली | मड़पौना | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 500 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | रोड से टंकी तक कच्चा मार्ग है। |
| 67 | पौली | तेजपुर | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 400 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | पिच रोड से 100 मीटर इण्टर लाकिंग शेष कच्चा। |
| 68 | पौली | नरायनपुर | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 300 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | पहले C.C रोड बना था। पाइप बिछाते समय तोड़ दिया गया। |
| 69 | पौली | छितौनी | मेन सड़क से टंकी तक पहुंचने हेतु 600 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | कच्चा मार्ग है। |
| 70 | पौली | मूड़ाडीहा (सुकरौली) | राजस्व ग्रामवासियों द्वारा गांव के अन्दर पाइप बिछाने से यह कहकर काम रुकवा दिया गया की उन्हें गांव में पानी नही चाहिए। | रोड खोद कर छोड़ दे रहे हैं। 6 माह पहले पाईप पड़ा था। लेकिन अभी तक रोड खुदा छोड़ा हुआ है इसलिए ग्रामवासी कार्य नहीं होने दे रहे हैं। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 71 | पौली | मुड़ाडीहा (सुकरौली) | ग्राम में ग्रामवासियों द्वारा सी ० सी० रोड पाईप नहीं बिछाने दिया जा रहा है। | रोड खोद कर छोड़ दे रहे हैं 6 माह पहले पाईप पड़ा था लेकिन अभी तक रोड खुदा छोड़ा हुआ है इसलिए ग्रामवासी कार्य नहीं होने दे रहे हैं। |
| 72 | पौली | सकूरचक | ग्रामवासियों द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कहकर रूकवा दिया की यह सम्पत्ति उनकी निजी सम्पत्ति होकर जाती है। | रास्ता तोड़कर छोड़ दिए है एक साल से उपर हो गया है रोड ठीक नहीं हुआ। |
| 73 | पौली | खैरा | प्रधान एवं ग्रामवासियों द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कहकर रूकवा दिया की उनके गांव में पानी नही चाहिए। | प्रधान एवं ग्रामवासियों द्वारा कार्य रूकवा दिया गया है क्योंकि पाईप डालने के लिए सड़क तोड़ दी जा रही है एवं महीनों बीत जाने के बाद रोड ठीक नहीं कराया जा रहा है। |
| 74 | पौली | धौरहरा | ग्रामवासियों द्वारा पाईप बिछाने का कार्य यह कहकर रूकवा दिया की उनके गांव में पानी नहीं चाहिए। | रोड तोड़ कर छोड़ दिया गया है रोड ठीक करने के उपरान्त ही कार्य करने दिया जायेगा। |
| 75 | पौली | छितौना | लोक निर्माण विभाग से पाइप बिछाने हेतु अनुमति की आवश्यकता है। | रोड तोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग से पाइप बिछाने हेतु अनुमति की आवश्यकता है अनुमति मिलने के उपरान्त ही कार्य हो पायेगा। |
| 76 | पौली | बरगदवा | ग्राम में ग्रामवासियों द्वारा सी 0 सी० रोड पाईप नहीं बिछाने दिया जा रहा है। | ग्राम में रोड तोड़ दिया गया है जिस कारण रोड में बड़े बड़े गड्ढे हो गये है ग्रामवासियों को आने जाने में दिक्कत हो रही है, रोड ठीक कराने बाद ही कार्य कराने दिया जायेगा। |
| 77 | सेमरियावां | तेनुहारी दोयम | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 250 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | तेनुहारी दोयम में मौके पर कोई रास्ता नहीं है लेकिन कागज में रास्ता है एवं बीच में सरयू माईनर है जिस पर पुलिया का निर्माण किया जाना है। रास्ते की लम्बाई लगभग 500 मी० है। |
| 78 | सेमरियावां | सेहुड़ा कोइलसा | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 800 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | ग्राम पंचायत सेहुड़ा कोइलसा में मेन सड़क से पानी की टकी तक मार्ग बनवाने हेतु सड़क के बीच में काफी जल जमाव होने के कारण सम्पर्क मार्ग पर कार्य कराया जाना संभव नही है। पानी सूख जाने पश्चात कार्य करा दिया जायेगा। |
| 79 | सेमरियावां | बिगरामीर | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 50 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | कच्ची सड़क है लगभग 60 मी० निर्माण की आवश्यकता है। |
| 80 | सेमरियावां | अशरफपुर | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 100 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | पानी की टकी बनाने के लिए जगह कम थी जिससे अभी निर्माण प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है। 100 मी० कच्ची चकरोड जिस पर आर०सी०सी० का निर्माण होना है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 81 | सेमरियावां | सिसवा फताउल्लाह | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 100 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मेन सडक से टंकी तक जाने हेतु लगभग 100 मी० खड़न्जा पहले से बना है। लगभग 100 मी० अमृत सरोवर के बगल से 14 फिट कच्चा रास्ता बनाया गया है। कच्चे रास्ते पर चार पहिया वाहन जा सकता है।<br>जल्द ही इन्टरलाकिंग कार्य करा दिया जायेगा। |
| 82 | सेमरियावां | रूधौली | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 80 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर कब्रिस्तान है और कोई रास्ता नहीं है। जमीन के चिन्हांकन के बाद रास्ता निर्माण करा दिया जायेगा। |
| 83 | सेमरियावां | चंगेरा मंगेरा | मेन सडक से टकी तक पहुंचने हेतु 150 मी० सडक निर्माण की आवश्यकता है। | मौके पर इन्टरलाकिंग सड़क बनी है। 25 मी० कच्चा रास्ता है। |
| 84 | सेमरियावां | तिलजा | ग्रामवासी अपने घरों में पानी का कनेक्शन नही ले रहे है। | लगभग 50 घरों में कनेक्शन हो गया है शेष लोगो में कनेक्शन शुल्क को लेकर भ्रम था जो खत्म हो चुका है अब तैयार है। पानी की टंकी अभी अधूरी है। |
| 85 | सेमरियावां | परसादपुर | ग्रामवासी अपने घरों में पानी का कनेक्शन नही ले रहे है। | पानी की टंकी नहीं बनी है। मेन पाईप लाईन अधूरा है। सी०सी० रोड पाटने को लेकर विवाद था। ग्रामवासी कनेक्शन न लेने को लेकर इनकार कर रहे थे एवं लोगो में कनेक्शन शुल्क को लेकर भ्रम था जो खत्म हो चुका है अब सभी तैयार है। |
| 86 | सेमरियावां | कानपारा | ग्रामवासी अपने घरों में पानी का कनेक्शन नही ले रहे है। | ज्यादातर लोग द्वारा लिया जा चुका है शेष लोगो में कनेक्शन शुल्क को लेकर भ्रम था जो खत्म हो चुका है अब तैयार है। |
| 87 | सेमरियावां | चंगेरा मंगेरा | भारतेन्द प्रताप नाम के व्यक्ति द्वारा हस्तक्षेप कर कार्य रुकवा दिया गया है। ऐ कहते है कि पहले डी०एम० महोदय के लिखित आदेश के बाद ही काम करने देगें। | भारतेन्द्र प्रताप किसान यूनियन के नेता है की गयी शिकायत सत्य है। |
| 88 | सेमरियावां | पिपरा हसनपुर | ग्रामवासी अपने घरों में पानी का कनेक्शन नहीं ले रहे है। | ग्रामवासियों एवं ग्रामप्रधान जी द्वारा बताया गया कि टंकी से अभी तक मेन पाईप लाईन का कार्य ही नहीं किया गया है। कहीं-कहीं पर पाईप लाईन का कार्य किया गया है। जो अधूरा है। ग्राम वासियों द्वारा कनेक्शन लेने से मना नहीं किया जा रहा है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 89 | सेमरियावां | निपनिया | ग्रामवासियों द्वारा गाँव के अन्दर गाली गलौज कर पाईप बिछाने से यह कह कर काम रुकवा दिया कि उन्हे गाँव में पानी नही चाहिए। | स्थल को लेकर विवाद था। जिसका निस्तारण हो गया है। |
| 90 | सेमरियावां | चमरसन | प्रधान जी एवं ग्रामवासी अपने घरों में पानी का कनेक्शन नहीं ले रहे है। | ग्रामीणों में खुदाई को पाटने को लेकर आकोश था। जिसके कारण इनकार किया गया था। अब तैयार है। |
| 91 | सेमरियावां | रूधौली पुैरना | गाँव में ग्राम प्रधान जी एवं ग्राम वासियों द्वारा सी०सी० रोड पर पाईप नहीं बिछाने दिया जा रहा है। | सी०सी० रोड तोड़ा जा चुका है। पाईप अभी नही डाला गया है। |
| 92 | सेमरियावां | दशावां | प्रधान जी एवं ग्रामवासी अपने घरों में पानी का कनेक्शन नहीं ले रहे है। | ग्रामवासियों एवं ग्राम प्रधान जी द्वारा बताया गया कि ग्राम वासियों द्वारा कनेक्शन लेने से मना नहीं किया जा रहा है। |
| 93 | सेमरियावां | कुसमैनी पैलिखाश | राजस्व ग्रामवासियों द्वारा गाँव के अन्दर पाईप बिछाने से यह कहकर काम रुकवा दिया कि उन्हे गाँव में पानी नही चाहिए। | ग्रामीणों में खुदाई को पाटने को लेकर आकोश था अब तैयार है। |
| 94 | सेमरियावां | खम्हरिया | राजस्व ग्रामवासियों द्वारा गाँव के अन्दर पाईप बिछाने से यह कहकर काम रुकवा दिया कि उन्हे गाँव में पानी नही चाहिए। | सी०सी० इन्टरलाकिंग, पी०डब्लू०डी० सड़क उखाड़कर ठीक प्रकार से न बनाने के कारण आगे कार्य में समस्या थी लगभग 60 प्रतिशत लोगो द्वारा कनेक्शन लिया जा चुका है। शेष तैयार है। |

उपरोक्त सारणी के अनुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रत्येक कार्यस्थल की समीक्षा फर्म प्रतिनिधि एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), के साथ विस्तृत रूप में की गई। जिसमें यह पाया गया कि लगभग 24 कार्यस्थलों पर पाइपलाइन बिछाने एवं वाटर वर्कस कैम्पस के पहुँच मार्ग से संबंधित विवाद का निस्तारण करा लिया गया है तथा लगभग 64 कार्यस्थलों पर फर्म द्वारा बताया गया है कि वाटर वर्कस कैम्पस में पहुँचने हेतु रोड निर्माण की आवश्यकता है। जिसमें 48 कार्य स्थलों पर कच्चा रास्ता उपलब्ध है। जिससे कार्यस्थल पर सामाग्री आदि पहुँचाकर कार्य कराया जा सकता है। फर्म प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि वर्तमान में कच्चे रास्तों द्वारा मानसून बीत जाने के कारण कार्य कराया जा सकता है परन्तु कुछ स्थलों पर फसल कटने के उपरान्त ही कार्य कराना सम्भव होगा। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बताया गया कि जिन कार्यस्थलों पर पहुँच मार्ग नही है। उस कार्यस्थल पर राजस्व विभाग से बैकल्पिक मार्ग हेतु प्रयास किया जा रहा है एवं कुछ कार्यस्थलों पर राजस्व विभाग द्वारा बैकल्पिक मार्ग उपलब्ध भी कराया गया है। वे प्रकरण जिसमें स्थानीय द्वारा पाइपलाइन बिछाने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। उन सभी प्रकरणों का निस्तारण करा लिया गया है तथा स्थानीयों द्वारा रोड रेस्टॅरेशन का कार्य समयान्तर्गत न करने के कारण पाइपलाइन

Scanned with OKEN Scanner

बिछाने में अवरोध उत्पन्न करने की बात कही गई है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), एवं फर्म प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त समस्त प्रकरणों में निस्तारित प्रकरणों का हटाते हुये शेष प्रकरणों का सर्वे कराकर वास्तविक रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

वृक्ष पातन संबंधित प्रकरणों में फर्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि निलामी में वृक्ष पातन एवं क्रय हेतु वेण्डर नही प्राप्त हो रहे है। जिससे कार्यस्थल के वृक्षों के पातन का कार्य नही हो पा रहा है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीलामी की प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार हेतु राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु निर्देशित किया गया।

(जयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।**

पत्रांक- 1418 / M-II / 20 दिनांक- 12/11/2024

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर मुख्य सचिव, मा०मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. मंडलायुक्त, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ।
4. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
5. प्रभागीय वनाधिकारी, संतकबीरनगर।
6. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
7. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
8. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
9. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
10. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर